किंमत : १० रुपये

एप्रिल २०१२

# राष्ट्रवादी

स्वाभिमानी आचार! राष्ट्रवादी विचार!!



## दुसऱ्या हरितक्रांतीची नांदी

२५० दशलक्ष टन- विक्रमी धान्योत्पादन
जागतिक अन्न संघटनेकडून
कृषीमंत्री शरद पवार यांचे अभिनंदन..

वर्ष पाचवे, अंक ४५ एप्रिल २०१२

# राष्ट्रवादी

स्वाभिमानी आचार! राष्ट्रवादी विचार!!




# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| * दुसऱ्या हरितक्रांतीची नांदी! | संपादकीय | ३ |
| * 'एफएओ'चे शरद पवार यांना अभिनंदनाचे पत्र | | ७ |
| * आता आव्हान अन्नसुरक्षा कायदा यशस्वी करण्याचे! | शरद पवार | ९ |
| * आंतरराष्ट्रीय भात संशोधन संस्थेकडून कृषीमंत्री शरद पवार यांचा गौरव | | १२ |
| * आता भर हवा कृषीसंशोधन व शिक्षणाची व्याप्ती वाढविण्यावर | शरद पवार | १४ |
| * पर्जन्यप्रवण क्षेत्रात नव्या तंत्रज्ञानाचा वापर ही काळाजी गरज | शरद पवार | १८ |
| * आता भर हवा फळबागायतीच्या विकासावरही | शरद पवार | २२ |
| * गोदागौरव पुरस्कार वितरण समारंभ :- तात्यासाहेबांच्या लेखनातून तत्त्वज्ञानी माणसाचे अखंड दर्शन | शरद पवार | २६ |
| * ठिबक सिंचनाच्या वापरानेच शेतीत क्रांती | सुनील तटकरे | ३५ |
| * न्यायालयाची भूमिका सरकारचा अधिक्षेप करणारी | रामस्वामी अय्यर | ४३ |
| * समस्या काळ्या पैशाची! | अरुण कुमार | ४६ |
| * राजकीय अपयशानंतर आता अडथळ्यांची शर्यत | विजय नाईक | ५३ |
| * भारतापुढे आता एक नवे आव्हान | प्रेमशंकर झा | ५८ |
| * पुतिन यांनी निर्माण केला भारतापुढे पेच | व्हाब्दिमिर रेदियुहीन | ६१ |
| * अन्न सुरक्षेकडून अन्न न्यायाकडे! | प्रा. अनन्या मुखर्जी | ६४ |
| * राष्ट्रवादी युवती काँग्रेस नवे पाऊल, नवी दिशा | अमृता गोरे | ६७ |
| * गांधीतीर्थ लोकार्पण समारंभ, जळगाव :- | | |
| १) हर कोई महात्मा गांधी नहीं बन सकता | प्रतिभाताई पाटील | ७५ |
| २) खादी को राष्ट्रीय वस्त्र का सन्मान मिलना चाहिए | न्या. चंद्रशेखर धर्माधिकारी | ८१ |
| ३) गांधीतीर्थ : मेरे जीवन का सबसे बडा काम | भवरलाल जैन | ८५ |
| * आता अमेरिकेशी मैत्रीच आपल्या हिताची | के. सुब्रह्मण्यम | ८७ |
| * भारताच्या प्रगतीची बीजे मोबाईल क्रांतीत | विजय गोविंदराजन | ९० |
| * पुराण मतवाद्यांच्या विरोधात उभे राहाणे गरजेचे | रुचिर जोशी | ९२ |
| * साहित्यास हवे सामाजिक उद्दिष्ट | न्या. मार्कंडेय काटजू | ९५ |
| * यशवंतरावांना 'पंतप्रधानपद' मिळावयास हवे होते | दिलीप वळसे पाटील | ९७ |


■ प्रबंध संपादक
मधुकरराव पिचड
या अंकात प्रसिद्ध झालेल्या मतांशी संपादक व प्रबंध संपादक सहमत असतीलच असे नाही.

■ संपादक :
डॉ. सुधीर भोंगळे

संपादकीय पत्रव्यवहार
राष्ट्रवादी भवन, शासकीय कुटीर क्र. २१, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, मुंबई - ४०० ०२१
दूरध्वनी : ३०२३५५१८/५५/५६

■ व्यवस्थापकीय संचालक
हेमंत टकले

वितरण व्यवस्था : डॉ. गजानन देसाई

निर्मिती व्यवस्था : जितेंद्र गोस्वामी

छायाचित्रे : दिलीप कवळी

मुखपृष्ठ व आतील मांडणी :
दिलीप रोडे, पुणे

वर्गणीचे दर :
वार्षिक रु. २००/-
आजीव रु. २०००/-

वर्गणीचा धनादेश
'प्रबंध संपादक, राष्ट्रवादी'
या नावाने काढावा.

हे मासिक www.mhncp.org. यावर उपलब्ध आहे.

नॅशनॅलिस्ट काँग्रेस पार्टी, मुंबई, महाराष्ट्रकरिता, प्रकाशक श्री. मधुकरराव पिचड यांनी मीडिया आर अँण्ड डी., बी/१०५, सुमन प्लॉट २, आरडीपी, सेक्टर-१, कांदिवली (वे.), मुंबई -६७ येथे छापून राष्ट्रवादी भवन, शासकीय कुटीर क्र. २१, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, मुंबई - २१, येथून प्रकाशित केले.

शेवटी त्या बैठकीत पिचड साहेबांनीच मार्ग काढला. की उच्चस्तरीय कालवा काढायला जेणे करून कमीत कमी जमीन भूसंपादनाखाली येईल, पहिली साहेबांची एक अट होती. या पूर्वीच्या अकोले तालुक्यातून जाणाऱ्या कालव्यातून इतर सिंचनाचे लाभक्षेत्र निर्माण होत नव्हते. पिचड साहेबांनी मला सांगितले, सुनील जरूर आपण कालव्याचे आपण काम करू. आम्ही सांगतो त्या पद्धतीने सर्व्हेक्षण करा. त्याची आखणी करा. पण, माझ्या तालुक्याला दुधाटीचे पाणी मिळाले पाहिजे, ही त्यांची अट होती. खरंच त्या बद्दल या तालुक्यातील जनतेने तुमचे आभार मानले पाहिजेत. आणि आज मला जाहीररीत्या सांगावेसे वाटते की, आम्ही सर्व्हेक्षण दोन महिन्यांत पूर्ण केले. ७५ कोटी रुपयांचे अंदाजपत्रक तयार केले आणि त्याची निविदा काढण्यासही मी तुमचा सहकारी या नात्याने परवानगी देऊ शकलो, याचा मला म नापासून आनंद होत आहे, अभिमान वाटत आहे. ७०-७५ कोटी रुपयांचा जेव्हा उच्चस्तरीय कालवा होईल व ३ हजार हेक्टर क्षेत्रास या धरणातील पाण्याचा लाभ होईल. अशा प्रकारच्या कामाची निविदासुद्धा निघाली आहे. मघाशी कुणीतरी सांगितले की, जिल्हा परिषदेची आचारसंहिता लागणार आहे. ठीक आहे, निवडणुकीतले यश आपलेच आहे. पण, पिचड साहेब ही आचारसंहिता उठल्यावर महाराष्ट्रातला माझा पहिला कार्यक्रम जो होईल ते उच्चस्तरीय कालव्याचे भूमिपूजन करण्यासाठी आपण अजित दादांना घेऊन येऊ. आणि त्या कामाचासुद्धा शुभारंभ आपण करू. गेली अनेक वर्षे चळवळीने या सगळ्या परिसरात ज्या पद्धतीने आपण काम करीत आहात, माझ्या सारख्या कार्यकर्त्यांच्या दृष्टीने ते आदर्श पद्धतीचे काम आहे.

आपण बोललात ते खरे आहे. मी ज्या भागातून निवडून आलो, तो भाग दुर्गम आहे, डोंगराळ आहे. निसर्गाने प्रचंड प्रमाणात आम्हाला वरदान दिले आहे. २००-२५० इंच वर्षाला पाऊस पडतो. आपल्याकडे वर्षाला जेवढा पाऊस पडतो, महाराष्ट्राच्या दुष्काळी भागातले जेवढे वार्षिक पर्जन्यमान आहे, तितका पाऊस आमच्याकडे एका दिवसात पडतो. पण, हे सगळे पाणी प्रचंड वेगाने अरबी समुद्राला जाऊन मिळते. कोकणाची अर्थव्यवस्था मुंबईवर अवलंबून आहे. गेल्या अनेक वर्षांपासन ती दुर्दैवाने अडकून पडलेली आहे. शेती, शेतीवरील नवनवीन प्रयोग, बागायती शेतीच्या माध्यमातून आपण आर्थिक उन्नतीचे काम करावे, त्या दृष्टिकोनातून या कामावर भर देता आला नाही. आज या सगळ्या कामाकडे पिचड साहेब, मी वेगळ्या भूमिकेतून पाहण्याचा प्रयत्न करीत आहे.

आज मी आपल्या परिसरात आलो, त्यात माझा स्वार्थही आहे. परमार्थाचीही भूमिका आहेच. पण, स्वार्थ आहे. दुष्काळी भागातले, डोंगराळ भागातले आदिवासी लोकसुद्धा उपसा जल सिंचनामार्फत पिचड साहेबांच्या कल्पक नेतृत्वाखाली ज्या वेळी आपल्या शिवारात बागायती शेती करण्याचे स्वप्न पाहतात व ते स्वप्न साकारतात तेव्हा माझ्याकडे पडणारे पावसाचे प्रचंड पाणी ज्या पद्धतीने आज समुद्राला मिळते, ते पाहिल्यावर इथे यावे, इथे काही तरी शिकावे, काही तरी पाहावे, डोळ्यांमध्ये सामावून घ्यावे आणि आपल्याकडील शेतकऱ्यांना पिचड साहेबांचा आदर्श त्या ठिकाणी सांगावा आणि त्यांना या कामासाठी उद्युक्त करावे, या स्वार्थापोटी माझ्यासारखा कार्यकर्ता या ठिकाणी आला असे म्हटले तर त्यात चुकीचे ठरणार नाही. कष्टकरी, काबाडकष्ट करणाऱ्या या सबंध शेतकऱ्यांच्या जीवनात आधुनिकतेची कास धरण्याचे काम जेव्हा केले जाते, या कामामध्ये आपल्याला मिळालेला अधिकार हा लोकांनी आणि पक्षाच्या माध्यमातून मिळालेला आहे. तो सबंध लोकासाठी वापरणे हे माझे कर्तव्य आहे.

माझ्या राजकीय आयुष्यात खूप काही आठवणी आहेत. एक आठवण अत्यंत महत्त्वाची आहे. १९९९ साली लोकशाही



# जळगांव येथील गांधीतीर्थ उद्‌घाटन सोहळ्याची क्षणचित्रे


























अब हमारा देश दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्र है। ६५ साल से, इस समय से हम आझादी का अनुभव कर रहे हैं। ये वैसे देखा जाए तो किसी देश के लिए कोई लम्बा समय नही होता है। जब थोडा मुडकर देखे तो सोचना है की क्या वो दिखाया हुवा रास्ता हम अभी भी चल रहे है? कितना चले हैं, क्या खोया हैं, क्या पाया हैं और आगे क्या करना हैं। मुझे लगता है यह सब हम सबको मिलके सोचने की जरूरत हैं। हर कोई महात्मा गांधी नही बन सकता ना कोई भी बनने की जरूरत भी हैं, क्योंकि आझादी पाने का मकसद उन्होने अपने जिवनकाल मे ही पुरा कर लिया। अब जरूरत है के जिस देश को वो अपने हाथ मे छोड के गये है उसे हम सुजलाम-सुफलाम, सुशील और सुखी, सुजनशील और सुदृढ कैसे बनाये। और ये हम सबको मिल के यह काम करना होगा।

# हर कोई महात्मा गांधी नही बन सकता ना कोई भी बनने की जरूरत भी हैं।

## - महामहिम राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटील के विचार




महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री. शंकरनारायणजी, डॉ. शेखावत साहब, जलगाँव जिले के पालकमंत्री श्री. गुलाबराव देवकर, गांधी रिसर्च फाऊंडेशन के चेअरमन न्यायमूर्ती श्री. चंद्रशेखर धर्माधिकारीजी, संस्थापक इस 'स्मृति तिर्थ' के संस्थापक श्री. भवरलालभाऊ जैन, महात्माजी के पपौत्र श्री. तुषार गांधीजी, गांधीवादी डॉ. श्री. ए.टी. आर्यरत्ने, गांधीवादी श्री. नारायणराव जवरे, गांधीवादी श्री. एच.एस. दोरायस्वामी, डायरेक्टर गांधी रिसर्च फाऊंडेशन श्री. डी.आर. मेहताजी और उपस्थित भाईयों और बहनों,

मुझे गांधी रिसर्च फाऊंडेशन के इस उद्घाटन के अवसर पर आप सबके बिच आकर बहोत प्रसन्नता हुई है। यह गर्व की बात है की इस नगर मे गांधीजी की स्मृति मे एक संस्था की स्थापना हो रही है। जलगाँव मे गांधीजी पहले १९२७ मे आये थे और बाद मे वर्ष १९३६ मे काँग्रेस के फैजपूर अधिवेशन मे शामिल होने आये थे, जिसका जिक्र धर्माधिकारीजी ने किया है। उस वक्त मै बहोत छोटी थी। मेरे माता-पिता के साथ एक-देढ़ साल की थी वो मुझे ले आये थे और पहली बार उसी वक्त मैने महात्माजी को देखा। समज मे कुछ नही आया क्योंकि बहोत छोटी थी। लेकीन महात्मा गांधीजी यहाँ आये।

**जैन इरिगेशन उद्योग समुहाच्या गांधी रिसर्च फाऊंडेशनतर्फे जळगाव येथे उभारण्यात आलेल्या 'गांधीतीर्थ'चा लोकार्पण सोहळा २५ मार्च, २०१२ रोजी भारताच्या राष्ट्रपती प्रतिभाताई पाटील यांच्या उपस्थितीत संपन्न झाला. हिंदी भाषेत झालेल्या या समारंभाचा हा सर्व वृत्तांत आम्ही जाणीवपूर्वक हिंदीतच देत आहोत. ज्यामुळे त्यांचे मूळ विचार आपल्यापर्यंत जसेच्या तसे पोहोचू शकतील.**

जलगाँव मेरी जन्मभूमी एवम् कर्मभूमी रही है। इसीलिए यह मेरे लिए भी बहोत सुखद अनुभूती है। मै आज सभी उपस्थित लोगों का इस अवसर पर अभिनंदन करती हूँ। गांधी रिसर्च फाऊंडेशन मे बापु से जूडी वस्तूओं का एक छत के निचे और उनकी सारी कार्य को, सारे तो एक छत के निचे नही आ सकते हैं लेकीन बहोत सारे कार्यों को एक छत के निचे लाने का एक बहोत विशाल और सुंदर प्रांगण यह बनाया गया है। यहाँ हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, गुजराथी तथा अन्य भारतीय और विदेशी भाषाओं मे गांधी साहित्य का संग्रह भी किया गया है। उसके भौतिक विचार के धरोवर है। मै समझती हूँ की यह स्तुत्य प्रयास है और नई पिढी को महात्मा गांधीजी से अवगत करवाने को यह बहोत सहाय्यभूत होगा। यह जरूरी है की हमारी युवा पिढी उनका सिर्फ नाम ही न सुने, उनके प्रयास, उनके विचार जाने और समझे। क्योकि वो उन्हे समझ सके तो युवा मे एक नई ताकद और दृष्टी निर्मित होगी।

मै समझती हूँ की महात्मा गांधी को समझना बहोत मुश्किल है। और अगर नई पिढी उनको समझ सकी तो उनके लिए और देश के लिए ये बहोत बडी बात होगी। क्योकि महात्मा गांधी एक व्यक्ती नही एक शक्ती है। हमारी स्वतंत्रता संग्राम की अगवाई महात्मा गांधीजी ने की और देश को गुलामी के जंजीरों से मुक्त करवाने का बहोत बडा काम हमारे लिए किया। बापुजी ने हमे वतन दिया, खोया हुवा सन्मान दिया, आन-बान और शान दी, जिसकी हम कसम खाँ सके ऐसी आझाद धरती उन्होने हमे दी।

जब हम गौर से कहते हैं की हम स्वतंत्र भारत के नागरीक है, हमारी संस्कृती और सभ्यता पर हमे नाज़ करते है हम, तो क्या अगर हमे बापु स्वतंत्रता नही दिलवाते तो ये सब आज हम कह सकते थे और कर सकते थे? सन्मान से गर्दन उठाकर जी सकते थे? गांधीजी ने हमे आदर्श राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रकाश दिखाया, वास्तव मे वे प्रकाशपूंज थे। गांधीजी की मृत्यू पर पंडीतजी ने कंहा था जो अभी तुषार गांधीजीने भी बताया की प्रकाश जिसने इस देश को अनेक वर्षो तक मार्गदर्शन दिया आनेवाले वर्षों तक वो हमेशा हमे मार्ग दिखाते रहेंगे।

संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव पास करके उन्होने सारेही मुल्कोने यह माना है की २ अक्टूबर आंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस माना जायेगा। (टाळ्या) यह महात्मा गांधीजी का सन्मान तो है मगर क्या ये हमारे भारत का सन्मान नही? क्या हमारा सबका सन्मान नही? जरूरी है के सद्‌गुण, सुव्यवहार, सदाचार और सद्‌विचार जो अभी भी समाज मे हैं उसे बच्चों के सामने आदर्श रुप मे रखा जाये।

व्यक्ती जन्म से नही कर्मो से बडा होता है। महात्मा गांधी वैसे तो सामान्य व्यक्ती के तरह जन्मे और जिये। सामान्य व्यक्ती के जैसे उन्होने कुछ गलतीयाँ भी की और फिर दुरूस्त भी किये। पढ़ते गये, बातों को सोचते गये, समझते गये, पर मन मे कुछ


राष्ट्रपती प्रतिभाताईना शाल परिधान केल्यानंतर अभिवादन करताना चंद्रशेखर धर्माधिकारी, भवरलाल जैन, शेजारी राज्यपाल व इतर.




गांधीतीर्थ कोनशीलेचे राष्ट्रपतींनी अनावरण केले तेव्हा शेजारी गुलाबराव देवकर, डी.आर. मेहता, राज्यपालांच्या पत्नी राधा, राज्यपाल, प्रतिभाताई, धर्माधिकारी, भवरलालजी व इतर.

उन्होने ठाणं लिया था वह था देश के आझादी का ध्येय। इस ध्येय को उन्होने गहराई से आकार दिया। बुनियाद पक्की की। हर धर्म को जाना। कोई मंदीर जाता है, कोई मस्जिद जाता है, चर्च जाता है, विहार जाता है, प्रार्थना करता है, मगर सब धर्मों की जड़, जड़मूल मे एकही विचार है और वह है – 'सत्कर्म और मानवता'। सभी साधु-संतो ने भी हमे ये विचार दिये हैं। उन्होने यह बात पहचान ली की यह देह हासील नही होगा जब तक हम सत्य और अहिंसा के बलबुते को उसको हम, इसपर हम उनको अधिष्ठान नही करेंगे उसको। आझादी के रेव को उन्होने एक पवित्र तत्वो पर, इन्ही पवित्र तत्वो पर उन्होने इसको अधिष्ठीत किया। उसे नैतिक और आध्यात्मिक अधिष्ठान दिया। और खुद भी उन्ही तत्वो पर हर पल हर कदम चलते रहे।

यह आसान रास्ता नही था। स्वतंत्रता आंदोलन के दरम्यान कै कठीण दुर्धर प्रसंग आये। कठोर निर्णय लेने पडे। उनकी वह अग्निपरीक्षा थी। मगर वे अपने पद से डिगे नही हिले नही यह एक उनकी तपस्या थी। आंदोलन के दौरान उनपर टीका-टिप्पणी भी हुई, विरोध हुवा, परंतु उनका अंदूरी अंदरहुनी जो सच्चाई थी और उनका जो दृढ़विश्वास था उन्हे कोई भी ताकद हिला या डरा नही सकती। विरोधी जितने ताकदवर थे उससे ज्यादा वे अंदर से ताकदवर थे। उनके कृष्णशरीर मे जो जसूबात का लोहा था उसे दमन कर ये अग्नी पिघला नही पायी।

ऐसी कहावत है की 'नर करणी करे तो नर का नारायण हो जाये' ऐसी ताकद वो थी। क्या ताकद थी, क्या शक्ती थी, क्या जज्बा था, क्या मंत्र था, जिससे गरीब-कमजोर-निर्मल शरीरों मे जान आ गयी। देश के हर कोने से आंदोलन खडा हो गया। बिना अपने जान और माल की पर्वा किये, बिना अपने भविष्य की पर्वा किये लोग उमडते गये। टुट पडे इस आंदोलन मे। और नियथ्य होकर बंदूकों का सामना उन्होने किया। उनमे ये धैर्य कैसा आया? किस बातने उनको इतना मजबूत बनाया? जिस बात ने महात्मा गांधीजी को अंदर से मजबूत किया था वही तत्त्व थे, वही बात थी, वही आदर्श थे, जिन्होने उनको ताकद दी। युवा, बुढ़े, औरते, बच्चे सभी अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हो गये। इसके लिए महात्मा गांधीजीने किसे मिठाई नही दी थी, कोई मिठाई नही बाटी थी, किसी को कोई सन्मानपत्र नही दिये थे, न बंदुक और हथियार दिये मगर लोग स्वतंत्रता पाने के जज्बे से सबकुछ नोछावर करते चले गये। क्या अद्‌भुत वातावरण था! सोचकर अभी भी रोंगटे खडे हो जाते हैं।

अब हमारा देश दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्र है। ६५ साल से, इस समय से हम आझादी का अनुभव कर रहे हैं। ये वैसे देखा जाए तो किसी देश के लिए कोई लम्बा समय नही होता है। जब थोडा मुडकर देखे तो सोचना है की क्या वो दिखाया हुवा रास्ता हम अभी भी चल रहे है? कितना चले हैं, क्या खोया हैं, क्या पाया हैं और आगे क्या करना हैं। मुझे लगता है यह सब हम सबको मिलके सोचने की जरूरत हैं। हर कोई महात्मा गांधी नही बन सकता ना कोई भी बनने की जरूरत भी हैं, क्योकि आझादी पाने का मकसद उन्होने अपने जिवनकाल मे ही पुरा कर लिया। अब जरूरत है के जिस देश को वो अपने हाथ मे छोड के गये है उसे हम सुजलाम-सुफलाम, सुशील और सुखी,

सुजलशील और सुदृढ कैसे बनाये। और ये हम सबको मिल के यह काम करना होगा। मै राष्ट्रपती के नाते कही देशों मे गयी हूँ। बाहर के अनेक देशों मे महात्मा गांधीजी की मुर्तियाँ लगाई गयी हैं। स्विझरलँड मे एरियाना पार्क मे महात्मा गांधीजी की प्रतिमा विराजमान है। मैने वहाँ जाके हार अर्पण किया, मैने श्रद्धांजली अर्पण की। मन मे विचार जरूर आया की क्या माला पहनाकर ही सच्ची और सही श्रद्धांजली अर्पित हो सकती है? नही, हमे बहोत कुछ करना होगा। अगर माल अर्पण करने के, उन्हे माल अर्पण करने के लिए हमे उसके काबील बनना होगा। आज जिस तरह हमारे सामाजिक जीवन मे तेजी से बदलाव आ रहे हैं, हमारे नई पिढ़ी के विचारों मे, रहन-सहन मे, और व्यवहार मे ऐसा लगता है की क्या यह अनिर्बंधीत स्वच्छंद ऐसा व्यवहार हमारे भविष्य मे संस्कार टिका पायेगा? भारत एक ऐसा लोकतांत्रिक देश है जहाँ विभिन्न जातीओं, धर्मों, वर्गों, भाषाओं और संस्कृतीयों के लोग सोहाद्पुर्ण ढ़ंग से रहते हैं।

गांधीजी कहते थे की लोग तंत्र का आधार है – सहिष्णुता। उनका मानना था की यदि हम सच्चे मायने मे लोकतंत्र को स्थापित करना चाहते है तो हमे सर्वोदय अर्थात सभी के लिए कल्याण की निती अपनानी होगी। गांधीजी का कहना था के उनके जीवन का लक्ष हर व्यक्ती के आँख से आसूँ पोछना हैं। और इसीलिए नितीयाँ इस तरह से तैयार की जानी चाहिए जो प्रत्येक व्यक्ती खास कर गरीब, शोषीत और पिछडे वर्ग के हैं उनके ओर ध्यान दिया जाये।

गांधीजी सदैव इस बात पर जोर देते रहे के भारत का दिल उसके गाँव मे धडकता हैं। भारत की तरक्की तभी होगी जब इसके गाँव का विकास होगा और कृषी की प्रगती होगी। हमे यह भुलना नही चाहिए की भारत की खाद्य सुरक्षा इसकी कृषी पर निर्भर हैं और यही देश के प्रगती का मार्ग भी होगा। इसीलिए भारत के समतापूर्ण विकास के लिए हमे कृषी आधारीत अर्थव्यवस्था पर सक्रीय होकर काम करना होगा। इसके लिए जरूरी है की उद्योग, व्यवसाय और कृषी इन क्षेत्रों को आपसी ताल-मेल रखके काम करना पडेगा।

एक बात और गांधीजीने कही थी भारत का उत्थान उसकी महिलाओं के उत्थान से ही संभव होगा। इसके लिए महिलाओं की शिक्षा तथा उनके सशक्तीकरण को प्रमुखता देते थे। ये ऐतिहासीक तथ्य है के राष्ट्रजीवन मे महिलाओं की सहभागिता गांधीजी की भुमी का इसके लिए बहोत महत्त्वपुर्ण है। गांधीजी के अवहान पर हजारो महिलाएँ घर से बाहर निकली और उन्होने स्वतंत्रता संग्राम मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुषों के और भाईयों से कंधा से कंधा मिलाकर उन्होने इसमे हिस्सा लिया। गोलियाँ बरसी, दंडे बरसे फिर भी नही घबराई। जेल मे गयी, बच्चों को अपने काख मे लेके जेल मे गयी। इसीलिए देश के महिलाओं ने भी हमारे देश की स्वतंत्रता मे जो योगदान दिया है वो कम महत्त्वपुर्ण नही हैं। परिणामस्वरूप आज महिलायें न केवल घर के निर्माण मे लगी हैं पर वो देश के निर्माण मे भी सभी क्षेत्रों मे आगे आ रही हैं।


भवरलाल जैन हे महात्मा गांधींचा पुतळा प्रतिभाताईंना भेट देताना.

मुझे उम्मीद है हमे यह याद रखना होगा के जिस तरह एक रथ को आगे बढ़ना होता है तो वो अपने दो पैय्यो पे आगे बढ़ता है। और हमारे देश का रथ जैसे घर का रथ, हमारे देख का रथ ये दो पय्यों पे आगे बढ़ेगा उसका एक है 'स्त्री' और दुसरा है 'पुरुष'। जब ये दोनो पैय्ये मजबूत होगे तभी हमारे देश का रथ आगे बढ पायेगा और हमारे देश को सशक्त बनायेगा।



ज्योतीभाभी जैन या प्रतिभाताईंना सौभाग्य कुंकुमतिलक अर्फण करताना.

एक अन्य महत्त्वपुर्ण बात यह मै कहना चाहती हूँ के भारत की अधिकांश जनता आज युवा हैं। हमे उनके शिक्षण, प्रशिक्षण तथा प्रगती का विशेष ध्यान देना होगा तभी युवा आगे चलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। युवाओं को भी अपनी आकांशाओं और लक्षों की पुर्ती के लिए जी तोड़ के मेहनत करनी होगी। यह बात स्तुत्य है की सुचना तकनिकी के क्षेत्र मे हमारे युवाओ ने दुनिया मे काम किया हैं, नाम बढ़ाया हैं। परंतु प्रगती के इस दौड मे युवाओं को ये ध्यान रखना होगा की वे उचित साधनों को अपनाये।

गांधीजी साध्य इन बातों को मानते थे, महत्त्व देते थे और उन्होने कुछ बाते कही थी। वो आज भी हमारे देश के लिए बहोत महत्त्वपुर्ण हैं। उन्होने सात बाते कही थी जिससे हमारी नई पिढ़ी और हम बचे। उन्होने कहा था की परिश्रमरहीत धनप्राप्ती नही होनी चाहिए। विवेकरहीत भोग, मानवतारहीत विज्ञान, चरीत्ररहीत ज्ञान, सिद्धांतरहीत राजनिती, नैतिकतारहीत व्यापार तथा त्यागरहीत पुजा इस सभी बातों से हमारे नई पिढ़ी को और हमको बचना चाहिए। और आज भी ये संदेश सबके लिए बहोत जरूरी है।

गांधीजी से मिलने का मुझे तो कोई सुअवसर नही प्राप्त हुवा, परंतु उनके शिष्य खान अब्दुल गफ्फार खाँ जिन्हे 'फ्रेंटीअर गांधी' कहा जाता था वे भारत आये थे। तो मुझे उनसे मिलने का अवसर मिला। मैने देखा की उन्होने किस तरह से गांधीजी के चिंतन से अपने जीवन मे उनको आत्मसात किया। गांधीजीने अपने विचारों का बडे बडे पर्वत-पहाड, नदीयाँ-सागर सब पार करके गांधीजी का विचार पुर्ण संपुर्ण जग मे, संपुर्ण विश्व मे गांधीजी के विचारों ने प्रभाव डाला। और उनका देय उनका उपदेश दुनियाभर गूंजा। आज भी सारे देश उनकी बातों को मानते

डॉ. श्रीनिवास साठे यांनी लिहिलेल्या 'मेरूभमीतून बाहेर' या पुस्तकाची प्रत भवरलाल जैन राष्ट्रपतींना प्रकाशनासाठी देत असताना. शेजारी चंद्रशेखर धर्माधिकारी व इतर.



हैं और उनके आदर्शों को जरूर मानते हैं।

हमे हम बहोत सौभाग्यशाली हैं के महात्मा गांधीजी जैसी एक महान हस्ती हमारे धरती पर उन्होने जन्म लिया।

मै एक बात कहके खतम करूंगी। मै राष्ट्रपती के नाते अलग अलग देशों मे जाती हूँ 'हेड ऑफ द स्टेट' के नाते। वैसे मुझे युके जाने का-आने का निमंत्रण मिला तो मै वहाँ गयी। वहाँ के सरकारने राणीने हमारी रहने की व्यवस्था, वैसे तो दुसरे 'हेड ऑफ द स्टेट' आते तो उनकी 'बंकी-मंकीमॅम पॅलेस' मे की जाती हैं, मगर उन्होने हमारी व्यवस्था 'विंडसर पॅलेस' मे की जो उनका निजी है। और पुरे अपने ताज और मतलब सारे सामानों से, सारी प्रोटोकॉल से हमारा स्वागत किया। खुद आयी और उनका जो बग्गी होती है उसमे हम गये, वहाँ ले गयी, वहाँ का पुरा सारा दिखाया, सारी परेड हुई राष्ट्रपती के सन्मान मे जो होती है और अब वहाँ जाने के बाद उन्होने उनका जो प्रदर्शन करने का जो उनका रूम है, हॉल है, जहाँ उन्होने अच्छी अच्छी चीजे रखी है, एक्झीबिशन रखा है वहाँ वो मुझे खुद ले गयी और दिखाया। उसमे उन्होने एक बात मुझे बतायी जो था महात्मा गांधीजी ने अपने हाथ से बुना हुवा एक रूमाल! (टाळ्या) और उन्होने बताया के महात्मा गांधीजीने जब हमारी, मतलब उनकी जब शादी हुई तो उन्होने हमे ये भेट किया था। और बडे सन्मान के साथ कह रही थी। पुरा मेरा शरीर गदगद हो गया, मन गदगद हो गया। और मैने कहा की यहाँ भारत के राष्ट्रपती के नाते आज जो हमारा सन्मान हो रहा है, अगर महात्मा गांधी हमारे देश को आझादी नही दिलाते तो क्या ये सन्मान होता? क्या हमारे देश को आझादी मिलती? क्या ये सन्मान आज पुरे दुनिया मे भारत का हो रहा है ये हो सकता था? तो हम गहराई से सोचे की महात्माजी ने हमको क्या क्या दिया हैं, क्या नही दिया हैं। तो ये विचार हमको अपने अंदर तक गहराई तक ले जाना बहोत जरूरी हैं। और दुनिया के सब लोग ये अपेक्षा करते है के जब भारत का कोई आता है तो ये महात्मा गांधी के देश से आया हुवा है उसको एक अलग दृष्टी से देखा जाता है। तो मै समझती हूँ की हमारा सबका ये कर्तव्य है के हम उनकी जो हमारे लिए विचार है उसके लिए हम उसके अनुरुप बने। बहोत कठीण है मगर करना होगा। मै आप सबको यही कहना चाहूँगी युवा पिढ़ी को भी के उनकी एक-एक बात वो अगर हम समझे तो भी वो समझने से हमे ताकद आ सकती हैं।

और अंत मे मै इस समारोह के आयोजक श्री भवरलालभाऊ को धन्यवाद देती हूँ की उन्होने विचार किया, एक कॉर्पोरेट जगत के इन्सान ने ये विचार किया ये अलग बात है। मै भाऊ से कहना चाहती हूँ की आपने बहोत उद्योग लगाये हैं, मगर आज के बाद आप उद्योगों से नही जाने जावोगे आप इस 'गांधीतिर्थ' से जाने जावोगे। (टाळ्या) क्योकि आपने ये नई पिढ़ी के लिए ये एक सही मायनो मे तिर्थ बनाया है की जहाँ हर कोई आये और ले जाये। यहाँ उच्च विचार हैं, सभी तरह के विचार हैं, आचार हैं, इन्सान क्या कर सकता है उसका मार्गदर्शन हैं, एक भी बात उसमे की कोई उठा ले, एक-एक बात रचनात्मक कार्य किसीने किया वो बडा हो गया, जिसने उस महारोगी की सेवा की वो बडा हो गया, जिसने खादी का काम किया वो बडा हो गया, तो उन्होने जो अनेक ये हमारे सामने कार्यक्रम रखे उसमे से एक भी छोटासा बूंद किसीने उठा लिया वोबडा हो गया है। तो ये हमारे महात्मा गांधीजी के अमुक-अमुक हमारे देन है मै समझती हूँ की हमारे मे से हर कोई व्यक्ती उसमे से कुछ ना कुछ लेने की सोचे। अंत मे मै इस समारोह के आये हुवे हमारे सभी भाईयों को बधाई देती हूँ और पता चला है की गांधीवादी और स्वतंत्रता सेनानी, देशभर से अलग अलग प्रांतों से यहाँ आये हैं, मै उनको सन्मान देती हूँ की इस उम्र मे भी यहाँ तक वो यहाँ आये इसीलिए की उनकी गांधीजी पर श्रद्धा थी जो काम उन्होने किया उसमे उनकी श्रद्धा थी।




फिर से एक बार मै आप सबको बहोत बहोत शुभकामनाअे देती हूँ।

धन्यवाद, जयहिंद।

# ‘खादी को राष्ट्रीय वस्त्र का सन्मान मिलना चाहिए।’

- न्या. चंद्रशेखर धर्माधिकारी




गांधी के जीवन की महिमा जितनी हमको समझनी चाहिए थी हम नही समझ पाये। मै मानता हूँ की मेरी पिढी तो नापास हो गयी। हम ये मुल्य हमारे बच्चों तक हम नही पहूँचा पाये। लेकीन मेरा अपना अनुभव है की आज भी इस देश के नौजवान हमे गांधी विचार के आकांक्षा हैं। लेकीन वो गांधी विचारों को मुल मे समझना चाहते हैं, वो गांधीजणों के जीवन से नही समझना चाहते। गांधी गांधीवादी नही था। कार्ल मार्स मार्सीस नही था वो तो कार्ल मार्सही था। गांधी गांधीही था। ओरिजीनल गांधी को समझने की कोशीश ये नौजवान कर रहा है। और इस 'गांधी तीर्थ' से उसकी वो आकांक्षा पुरी होगी ये मेरी अपनी भावना है।

महामहिम राष्ट्रपतीजी प्रतिभा देवीसिंह पाटीलजी, महामहिम शंकरनारायणजी हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधी माननीय देवकरजी, हम खान्देश मे भाऊ शब्द इस्तेमाल करते है इसीलिए इस संस्था के मॅनेजींग ट्रस्टी भाऊ भवरलालजी, आर्यरत्नजी, तुषार गांधी, नारायणरावजी दाबरीयाजी, डी.आर. मेहताजी, भाई और बहनों,

आप सबका इस कार्यक्रम मे स्वागत करते समय मुझे बहोत हर्ष हो रहा है। कारण ये है की १९३६ मे सर्वप्रथम देहात मे काँग्रेस का महाअधिवेशन लेने की इच्छा जब महात्मा गांधीने दर्शायी थी वह अधिवेशन इसी विवाद मे हुवा था। अधिवेशन के दुसरी ओर, दुसरे दिन भाषण करते समय गांधीजीने यहाँ के कार्यकर्ताओं के भरीभूरी प्रशंसा की थी और यह भी कहा था की इनको नेता बनने की इच्छा नही है ये सिर्फ सेवक बनना चाहते हैं। इस 'गांधी तीर्थ' उद्घाटन के समय मै आपको याद दिलाना चाहता हूँ की उस फैजपूर अधिवेशन का भी यह अमृत महोत्सवी वर्ष है। (टाळ्या)

वर्धा मे स्थापित दो संस्थायें गांधीने की थी एक सर्वोदय आश्रम, दुसरा राष्ट्रभाषा प्रचार समिती और तिसरे हिंदुस्थानी तालमी संघ। इन तिनों का भी यह अमृत महोत्सवी वर्ष है। ये अमृतमय बहोत बडा क्षण मेरे जीवन मे है और मै आपसे कहना चाहता हूँ के इस ट्रस्ट के संस्थापक भाऊ भवरलालजी जैन की भी अमृत महोत्सव का ये वर्ष है। (टाळ्या)

इस प्रकाश मे इसी विभाग मे तापी नदी के संगम मे महात्मा गांधी के अस्थियों का विसर्जन हुवा। आहिल्यादेवी होळकरने वहाँ का नदी का घाट बनाया। अहिल्यादेवीजी का बहोत अच्छा वाक्य है - 'बह गयी सो गंगा है और रह गया सो तीर्थ है।' इस 'गांधी तीर्थ' को इससे बडी उपमा मै नही दे सकता। और मेरे अपने लिए ये बहोत बहुमान का समय है क्योकि तापी नदी यहाँ से निकलती है उसका उगम स्थान जो है वो मुल तापी वहाँ का मै धर्माधिकारी हूँ।

ये सारे चीजों का मै आपके सामने इसीलिए उल्लेख कर रहा हूँ की मेरे तापी नदी से लेकर ये सारी संस्थायें गांधी विचार का प्रदीश्रय इसीलिए है की तापी नदी तो बहती है निकलती है



मध्यप्रदेश से, जल देती है महाराष्ट्र को और मध्यप्रदेश को, हम मध्य महाराष्ट्र को और गुजरात को। मध्यप्रदेश के वहाँ स्वार्थी दुनिया से रूकती नही है। ऐसी भुमी मे जब ये गांधी तीर्थ बनाया गया इसके पिछे का थोडा इतिहास है।

पहला दीक्षांत संमेलन हुवा था उत्तर महाराष्ट्र विद्यापीठ का उस समय उस दीक्षांत भाषण के लिए मै यहाँ उपस्थित था तब मैने खान्देश की सारी चीजों का उल्लेख करके ये कहा था की अगर जलगाँव मे गांधी के नाम का कोई स्मृति बनेगी, मै इसको स्मारक नही कहता स्मृति कहता हूँ क्योकि ये जिंदा तीर्थ है। तो मुझे बहोत आनंद होगा, आपको कहने मे मुझे आनंद है के उसी समय भवरलालजी जैन ने इसको मान लिया था, ठाण लिया था, उसने इसकी प्रेरणा मेरी है ऐसे कहते है लेकीन सबकुछ भवरलालजी है मै निमित्त हूँ। (टाळ्या)

महामहिम राष्ट्रपतीजी के लिए मेरे मन मे एक अलग आस्था और प्रेम है। सिर्फ दिल्ली मे भी नही आज भी आपने सुत कताई कर कर महात्मा गांधी को आदरांजली समर्पित की है। आपके जीवन मे आपने हमेशा खादी पहेनी। स्वतंत्रता आंदोलन मे खादीने इस देश की लज्जा रखी थी। और मेरा अपना मानना है, कहाँ तक सच है मै नही जानता, कहाँ तक प्रोटोकॉल मे बैठता है मै भी नही यह भी नही जानता, लेकीन एक चीज मेरे दिल मे है की देश की महामहिम राष्ट्रपती जो इस देश की प्रथम महिला राष्ट्रपती है वो जो वस्त्र पहेनती है उसी को मै राष्ट्रीय वस्त्र मानता हूँ। (टाळ्या) और आपसे अपेक्षा करता हूँ की आपके कार्यकाल मे खादी को राष्ट्रीय वस्त्र का सन्मान मिलेगा ये मेरी बहोत छोटीसी विनंती आपके सामने है। (टाळ्या) मांगना तो कुछ नही चाहिए लेकीन धर्माधिकारी का स्वभाव है।

तिसरी चीज मै ये कह सकता हूँ की गांधी के जीवन का और विचारों का ये रिद्‌गत संगम है।इसमे ये 'गांधी तीर्थ' भी है और मेरे लिए 'तीर्थ स्थान' भी है। मै इसको प्रदर्शन नही कहता, मै इसको 'गांधी के जीवन का स्वदर्शन' कहता हूँ। यह शुभ दर्शन खान्देश मे बने ये सारों की इच्छा थी वह आज परिपुर्ण हुई।

राष्ट्रपतीजी के हाथ से करकमलो से इसका लोकार्पण हुवा इसका मुझे बहोत आनंद है, दो-तिन दृष्टीसे आनंद है। राष्ट्रपती के पद पर गांधी एक महिला को देखना चाहते थे। वह उनका सपना आपके उपस्थिती से तो पुरा हो गया। (टाळ्या)

आजकल परदेश मे गांधी का गुणगाण बहोत चला है। अमेरीका के राष्ट्रपती ओबामाजी कहते है की ये मेरा तो 'रोल मॉडेल' है। जितने भी राष्ट्राध्यक्ष परदेश से आते हैं ऐसाही कुछ कहते हैं।

हमारा एक मित्र है फ्रान्स मे रहता है प्रोफेसर पिटर उसने 'गांधी इन्फॉर्मेशन सेंटर' जर्मनी मे प्रस्थापित किया, मणिभवन



व्यासपीठावर (डावीकडून) डी. आर. मेहता, एच.एस. दोरायस्वामी, चंद्रशेखर धर्माधिकारी, गुलाबराव देवकर, राज्यपाल व राष्ट्रपती, देवीसिंह शेखावत, भवरलाल जैन, तुषार गांधी, नारायण जवरे व डॉ. ए.टी. अरियरत्ने.

मे मिला था। कहा की कुछ भी खबर आपको चाहिए होगी गांधी के बारे मे एक पोस्टकार्ड लिख के भेज दीजिए, उल्टी डाक से पुरी इन्फॉर्मेशन भेज दूँगा। बहोत अच्छा लगा। उसके बाद उसने एक वाक्य रखा की "धर्माधिकारीजी हमने तय किया है के हम गांधी को जर्मनी मे प्रस्थापित करेंगे, बाद मे हिंदुस्थान मे एकसपोर्ट करेंगे क्योकि आपको वही इंपोर्टेड गुडस् अच्छे लगते है।"

गांधी के जीवन की महिमा जितनी हमको समझनी चाहिए थी हम नही समझ पाये। मै मानता हूँ की मेरी पिढी तो नापास हो गयी। हम ये मुल्य हमारे बच्चों तक हम नही पहूँचा पाये। लेकीन मेरा अपना अनुभव है की आज भी इस देश के नौजवान हमे गांधी विचार के आकांक्षा हैं। लेकीन वो गांधी विचारों को मुल मे समझना चाहते हैं, वो गांधीजणों के जीवन से नही समझना चाहते। गांधी गांधीवादी नही था। कार्ल मार्स मार्सीस नही था वो तो कार्ल मार्सही था। गांधी गांधीही था। ओरिजीनल गांधी को समझने की कोशीश ये नौजवान कर रहा है। और इस 'गांधी तीर्थ' से उसकी वो आकांक्षा पुरी होगी ये मेरी अपनी भावना है।

मै गांधीजीने जो भाषण किया था फैजपूर कॉंग्रेस के समय एक बहोत अहम् चीज कही थी। उन्होने कहाँ था की अहिंसा के मार्ग से स्वराज्य मिल सकता है इसका पहला कदम फैजपूर का



चंद्रशेखर धर्माधिकारी सुताचा हार घालून प्रतिभाताईंचे स्वागत करताना.

अधिवशन था। इसीलिए मै मानता हूँ की स्वराज्य के तरफ कदम उठानेवाला और ये भुमी है। गांधीने स्वतंत्रता शब्द का इस्तेमाल कभी नही किया स्वराज्य शब्द का इस्तेमाल किया। मेरी अपनी वेदना है की स्वतंत्रता मिली लेकीन इस देश के सामान्य नागरीक को किस गुलामी मे से मुक्ती मिली? आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, संपुर्ण शोषण मुक्त समाज, संपुर्ण गुलामी मुक्त समाज ये गांधी का सपना था। इसीलिए उन्होने स्वराज्य की बात की और ये कहा था की फैजपूर काँग्रेस के जरीये कोई और कदम स्वराज्य की ओर हमने डाला है। फिर ग्रामस्वराज्य की बात की। गांधीजी को सपनों का भारत हम कब करेंगे मै नही जानता लेकीन इतना कह सकता हूँ की दिल्ली तो राजधानी है, बम्बई भी राजधानी है, जलगाँव राजधानी नही है लेकीन गांधी विचार की 'विचारधानी' ये बनेगी ये अपनी भावना है। (टाळ्या)

मुक्ती का आंदोलन आगे बढे ये मेरी इच्छा है। महामहिम राष्ट्रपतीजी से मै नम्रतापुर्वक कहना चाहता हूँ की देश के सारे क्षेत्र से यहाँ गांधी विचारों पर श्रद्धा रखनेवाले लोग आये हैं। वो इस देश के राष्ट्रपतीजी से जानना चाहते है, उनकी इच्छा है और प्रार्थना भी है की गांधी का दर्शन भारत मे किस जगह, कैसे होगा? इसका मार्गदर्शन हम आपसे चाहेंगे। वो मार्गदर्शन आप करेंगी और उसी मार्गदर्शन के बुनियाद पर ये 'गांधी तीर्थ' जो सौ क्षण है उनके तरफ जाता है। इतिहास का अभ्यास वर्तमान मे जीने के लिए और भविष्य को पाने के लिए करना पडता है। और जो इतिहास घडते है उनको इतिहास लिखने के लिये फुरसत नही होती।

हमारे सामने जितनी समस्यायें आज उपस्थित है वो तो गांधी के समय नही थी। उन समस्याओं का हल हमको हमारे तरीके से निकालना पडेगा। सर्वलोका पृथक्करण करके, वर्तमान मे संशोधन करके, समस्याओं का हल निकालने के लिए ये 'गांधी तीर्थ' अपनी तरफ से कोशीश करेगा ऐसी मेरी अपेक्षा है। उस अपेक्षा को व्यक्त करते हुवे आप सबसे इतनाही संकल्प चाहता हूँ की ये संकल्पपुर्ती के लिए आप हमारे साथ जूडे। आपको महात्मा गांधी वो सद्बुद्धि और शक्ती दे, और वो शक्ती आप हमारे साथ बाटेंगे।

कालिदास का देवतात्मा हिमालय क्यो बना? बहोत अच्छी कल्पना रखी। इस देश, ये पृथ्वी बनायी भगवान ने, उसके बाद मे इसकी लम्बाई, चौडाई कैसे गिनेंगी? इस सागर की गहराई कैसे गिनेंगी? ये प्रश्न उपस्थित हुवा। कोई टेप तो नही थी। तब कालिदास ने लिखा की इसके सागर की गहराई, पृथ्वी की लम्बाई, चौडाई गिनने के लिए भगवान ने हिमालय को बनाया। बाद मे भगवान ने मनुष्य को बनाया।

मनुष्य के मानवता की गहराई, उचाई, लम्बाई, चौडाई कैसे गिनेंगे? ये जब भगवान के सामने प्रश्न उपस्थित हुवा, उस दिन भगवान ने 'मोहनदास करमचंद गांधी' नाम के व्यक्ती को जनम दिया। (टाळ्या) इस व्यक्ती के जीवन के आकर्षण से और विचार से हम अपने जीवन को समृद्ध करेंगे ये आपसे मै विश्वास दिलाता हूँ।

महामहिम राष्ट्रपतीजी का और राज्यपालजी का फिरसे स्वागत करता हूँ और आप सबको नमस्कार करता हूँ। (टाळ्या)



# 'गांधीतीर्थ' : मेरे जीवन का सबसे बडा काम

- भवरलाल जैन, अध्यक्ष, जैन इरिगेशन उद्योग समूह, जळगाव



जब मैने उनसे कहा की ताई आपको एक गांधी रिसर्च फाऊंडेशन का जो मै निर्माण करने जा रहा हूँ उसका उद्घाटन करना है। उनके शब्द थे मराठी मे थे, ''भाऊ आपल्या जीवनातले सगळ्यातले मोठ काम हे असेल.'' (टाळ्या) दो मिनीट मै सोचते रहा की इतने लेट ये काम कर रहा हूँ, जीवन के ७५ साल अभी बितने जा रहे है ऐसा क्यो हो गया? क्या ये पहले मै नही कर सकता था? एक सपना था कभी भी उसको देख सकता था और उसको निभा भी सकता था। बहोत लेट हो गया।

महामहिम राष्ट्रपतीजी, राज्यपालजी, धर्माधिकारीजी, जवरेजी, डी.आर. मेहता, आर्यवतसींगजी, देवीसिंगजी, आदरणिय चिफ मिनिस्टर के रिप्रेझेंटेटीव्ह श्री. गुलाबरावजी और दोरायस्वामीजी,

मै पहले ही आभार का भाषण कर दे रहा हूँ, क्योकि आपको कष्ट न हो और राष्ट्रपतीजी के बाद मे बोलना ये शिष्टाचार को पकड के नही होता। हमारे ताई को तो हम कभी भी बोल सकते है परंतु राष्ट्रपतीजी को बोलना मुश्किल है। वो अब ताई जलगाँव आयी, जब मैने उनसे कहा की ताई आपको एक गांधी रिसर्च फाऊंडेशन का जो मै निर्माण करने जा रहा हूँ उसका उद्घाटन करना है। उनके शब्द थे मराठी मे थे, ''भाऊ आपल्या जीवनातल सगळ्यातले मोठ काम हे असेल.'' (टाळ्या) दो मिनीट मै सोचते रहा की इतने लेट ये काम कर रहा हूँ जीवन के ७५ साल अभी बितने जा रहे है ऐसा क्यो हो गया? क्या ये पहले मै नही कर सकता था? एक सपना था कभी भी उसको देख सकता था और उसको निभा भी सकता था। बहोत लेट हो गया। जब ये विचार सामने आया तो मुझे लगा की मै तो गांधीजी जैसा जीवन तो नही जिया तो फिर क्या मै इसका हकदार हूँ की मै इसका निर्माण करू। मै भागे भागे चंद्रशेखर धर्माधिकारी की तरफ गया और उनसे कहाँ की आप इसके अध्यक्ष बनिये। क्योकि आप गांधीजी के जीवन को बहोत नज़दिक से देखा है आप वैसा जीते भी है और इसके लिए इसका पहला चेअरमन आपने होना बहोत लाभनिय है। तो धर्माधिकारीजी ने कहा, ''देखो अब मेरी उमर तो आपसे भी ज्यादा हो गयी है तो मै तो हर चीज को छोड रहा हूँ और छोडना चाहता हूँ और आप बोल रहे है की कुछ स्वीकारो। पर अब आपको नही भी कैसे बोलू मेरे सामने समस्या है, तो चलो आखरी का ये पद मै ये स्वीकारूंगा।''


गांधीतीर्थमध्ये प्रतिभाताई व भवरलालभाऊ सूत कातताना.

तो मित्रो अब दोनो मिल के कम से कम गांधीजी के इस स्मारक का हम निर्माण करके उसको दुनिया के सामने रख सकते है। अकेला शायद नही रख सकता था। उनके विचारों से इतना परिचीत नही था, पर 'जब उठे वही सबेरा है', और उसके वजह से मै ये समझता हूँ की गांधीजी का ये स्मारक कोई ऐसे वस्तू नही रहनेवाली की हम उसमे कभी कभी जाके देखा करेंगे। ये तो ऐसा स्थल बनने जा रहा है की जहाँ रोज कुछ ना कुछ गतिविधी होगी।

मै मानता हूँ की देश के कोने कोने मे से आज कम से कम २००, २५० तो गांधीयन यहाँपर पधारे है सिर्फ ४ दिन, ५ दिन की उनको सवलत दी थी, उसके पहलेही मुझे प्रोग्राम अॅप्रूव्ह होके मिला था। सब आ गये। ९४ यिअर्स के दोरायस्वामीजी भी यहाँ आये, श्रीलंका से अपने आर्यरत्नजी श्रीलंका के गांधीजी कहा जाते है, उनसे ही तिन दिन पहलेही विनंती की वो भी आ गये। सोच रहा था इतने बडे बडे लोगों को विनंती करने भी जरा शर्माता हूँ। क्योकि मै तो एक कॉर्पोरेट जगत का आदमी हूँ इसके लिए परिचीत नही हूँ इस क्षेत्र मे। कोशीश तो बहोत करता हूँ की जीवन वैसा जीने का प्रयास करू अरे तो वो भी आ गये!

अब सब लोगों को यहाँ देख के मेरा मन भर उठा। और मै तो ये कहूँगा की आप सब आये इस महौल को आपने सुशोभित किया पर हम सब आ भी जाते और ताई के इस उद्घाटन प्रसंग आप सब लोग नही आते तो क्याहोता।

दो घंटे हम, एक घंटा हम करीबन लेट चल रहे है। आपको यहाँ बहोत देर से बैठना पडा मै उसके लिए और यहाँ आपने आने के लिए आपका भी आभारी हूँ।

जीवनभर आपका ये सबका ऋण मै मानूंगा, मानते रहूँगा और जितनी कोशीश कर सकू वैसे वैसे गांधीजी के विचारों से जीने के लिए मै आज व्रतस्थ हो रहा हूँ। जय हिंद। (टाळ्या)


भवरलाल जैन, तुषार गांधी यांचा सत्कार करताना, शेजारी नारायण जवरे व डॉ. अरियरत्ने